कि. बा. हजारे (अण्णा)
K. B. alias Anna Hazare

राळेगण सिद्धी, तालुका पारनेर,
जिल्हा अहमदनगर (महाराष्ट्र)
पिन - ४१४३०२
☎ ०२४८८-२४०४०१/२४०२२७
www.annahazare.org

Ralegan Siddhi, Tal. Parner,
Dist. Ahmednagar (Maharashtra)
PIN - 414302
☎ 02488-240401/240227
Email: annahazare@hotmail.com

भ्रविज: 63-11-12
दिनांक: 31 अक्तुबर 2011

सेवा में

सम्माननीय मनमोहन सिंह जी

प्रधान मन्त्री, भारत सरकार,

नई दिल्ली.

विषय:- शितकालीन अधिवेशनमें एक कठोर जनलोकपाल विधेयक कानून लाऐगें ऐसा लिखीत आश्वासन आपने मंत्री श्री.विलासराव देशमुखजी के हाथोंसे भेजा पत्रमें दिया था। इस लिए मैने रामलिला मैदान मे चलाया हुआ बारा (12) दिन का अनशन स्थगित किया था। शितकालीन अधिवेशनमें जनलोकपाल कठोर कानून नही बना तो मेरा स्थगित किया हुआ अनशन-आंदोलन मुझे मजबुर होकर फिरसे शुरू करना होगा...

सम्माननीय महोदय,

भ्रष्टाचार के कारण सामान्य लोगोंको अपना जीवन जिना मुश्कील हो गया है। भ्रष्टाचार के कारण महंगाई बढने के कारण सामान्य लोगोको परिवार चलाना मुश्कील हो गया है। देशके विकास कार्य पर जो पैसा खर्चा हो रहा है, उसमें एक रूपये से दस पैसा विकास कार्यमें ना लगने के कारण विकास कार्यमें रूकावटे आ गई है।

अपने काम के लिए सामान्य आदमी कही पर भी जाता है, पैसे दिए बिना उनका काम नही होता है। मैने अपना पुरा जीवन समाज और देश कि सेवा में अर्पण किया होणेके कारण बढते हुए भ्रष्टाचारसें जनता पर होनेवाला अन्याय सहन ना होणे के कारण 25 सालोंसे भ्रष्टाचार के विरोधमें संघर्ष कर रहा हू।

मुझे इस बात का विश्वास हुआ है कि, हमारे देशमें जनलोकपाल एक सक्त कानून बनजाए तो 60% साठ प्रतिशत से जादा भ्रष्टाचार को रोकथाम लग जाएगा और सामान्य लोगोकों न्याय मिलेगा। इस विश्वास को लेकर मै दि. 16 ऑगस्त 2011 के दिनसे रामलिला मैदान मे मेरा अनशन आंदोलन शुरू किया था। देशमें बढते हुए भ्रष्टाचार के कारण जीवन जीना मुश्कील होने के कारण देश कि जनता इस आंदोलनको समर्थन देने के लिए रास्ते पर उतर गई। देशभर आंदोलन फैल गया साथ साथ में पुरी विश्वके कही देशोंमे भी आंदोलन हुआ।

यह आंदोलन रूक जाए इसलिए आपकी तरफसे मंत्री श्री.विलासराव देशमुखजी रामलिला मैदान मे आकर आपने जो लिखीत आश्वासन दिया था कि, आनेवाले शितकालीन अधिवेशनमें हमारी सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जनलोकपाल विधेयक एक कठोर कानून बनवाएगी तब तक हमे समय देना। आपका वह आश्वासन दिया हुआ पत्र मंत्री श्री.विलासराव

कि. बा. हजारे (अण्णा)
K. B. alias Anna Hazare

राळेगण सिद्धी, तालुका पारनेर,
जिल्हा अहमदनगर (महाराष्ट्र)
पिन - ४१४३०२
☎ ०२४८८-२४०४०१/२४०२२७
www.annahazare.org

Ralegan Siddhi, Tal. Parner,
Dist. Ahmednagar (Maharashtra)
PIN - 414302
☎ 02488-240401/240227
Email: annahazare@hotmail.com

देशमुखजीनें देशवासियोंको पढकर सुनवाया था। उस आश्वासन के कारण मैने आनेवाले पांच राज्योंके विधानसभा चुनावके दरम्यान दौरा करना तय किया था। वह भी रद्द कर दिया गया था । अभी भी मै विश्वास कर रहा हू कि, शितकालीन अधिवेशनमें एक कठोर जनलोकपाल कानून आनेवाला है।

लेकीन आपकी पार्टी और आपकी सरकारके जिम्मेदार लोक उलट-पुलट बाते करके संदेह निर्माण करने कि कोशीश कर रहे है। यह बात ठिक नही है, मैने फिरसे निर्णय लिया है कि, शितकालीन अधिवेशनमें एक सशक्त जनलोकपाल विधेयक कानून नही बनता है तो आपके आश्वासन के खातीर मैने मेरा अनशन आंदोलन स्थगित किया था । वह आंदोलन शितकालीन अधिवेशन के अखीरी दिन को सुरू करूंगा साथ साथमें हमारी टिम लोक शिक्षा के लिए कही राज्योंमे दौरे पर निकल जाऐगी। पांच राज्योंमे होने जा रहे चुनाव में मै भी कोई भी पक्ष और पार्टी का नाम ना लेतें हुए सदाचारी लोगोंको वोट करो । भ्रष्ट, गुंडा, लुटारू लोगोंको वोटींग मत करो इन बातको जनताके सामने रखूगा। मेरी विनंती है कि, दिए हुए आश्वासन के मुताबिक शितकालीन अधिवेशनमें जनलोकपाल एक कठोर कानून लाए ।

धन्यवाद।

भवदीय,

कि. बा. हजारे (अण्णा)

(कि.बा. उपनाम अण्णा हजारे)

प्रतीलिपी:

1) श्रीमती.सोनियाजी गांधी, अध्यक्षा.भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस,
2) मा.श्री.सलमान खुर्शिद, कानून मंत्री,भारत सरकार,